प्रेषक,

**मिशन निदेशक,**
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0,
विशाल काम्प्लैक्स,
19–ए, विधान सभा मार्ग, लखनऊ।

सेवा में,

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी,**
जनपद– प्रतापगढ़।

**पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0 / सी0एच0 / सपोर्टिव सुपरविजन / 2019–20 / 60 /** 5064 **दिनांक** 9 **/ 09 / 2019**

**विषय–राज्य स्तरीय टीम द्वारा दिनांक 27–29 मई 2019 के मध्य सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के दौरान चिन्हित गैप्स / समस्याओं / के निराकरण एवं सुधारात्मक कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

आप अवगत है कि राज्य स्तरीय टीम द्वारा दिनांक 27–29 मई 2019 के मध्य आपके जनपद में चिकित्सा इकाईयों का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया। उक्त टीम द्वारा आपसे फीडबैक साझा की जा चुकी है तथा सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों / गतिविधियों के अन्तर्गत चिकित्सा इकाईयों पर प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं से सम्बन्धित समस्याओं से सक्षम अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

उक्त के सम्बन्ध में मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0, के निर्देशानुसार जनपद में पायी गयी कमियों में सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुये एक सप्ताह के अन्दर अनुपालन आख्या अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करना सुनिश्चित करें। सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की अनुमोदित भ्रमण आख्या आवश्यक कार्यवाही हेतु पत्र के साथ संलग्न है।

**संलग्नक–उपरोक्तानुसार।**

**भवदीया,**

**(थमीम अंसरिया ए)**
अपर मिशन निदेशक

**पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0 / सी0एच0 / सपोर्टिव सुपरविजन / 2019–20 / 60 /** **तद्दिनांक**

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवही हेतु प्रेषित –**

1. महानिदेशक, परिवार कल्याण उत्तर प्रदेश लखनऊ।
2. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, प्रयागराज।
3. जिलाधिकारी / अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति जनपद– प्रतापगढ।
4. समस्त उपमहाप्रबन्धक / महाप्रबन्धक, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0 उ0प्र0, लखनऊ।
5. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0, प्रयागराज।
6. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0, प्रतापगढ।

**(डा0 वेद प्रकाश)**
महाप्रबन्धक, बाल स्वास्थ्य

## भ्रमण आख्या जनपद– प्रतापगढ़
## दिनांक 27–29 मई 2019

**भ्रमण दल के सदस्य –श्री राजीव कुमार दूबे – कार्यक्रम समन्वयक, बाल स्वास्थ्य अनुभाग**
**–श्री प्रमोद चन्द्र अरविन्द–कार्यक्रम सहायक, बाल स्वास्थ्य अनुभाग**

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन निदेशक उ0प्र0 से प्राप्त निर्देशो के क्रम में दिनांक 27–29 मई 2019 के मध्य जनपद प्रतापगढ़ की चिकित्सा इकाईयों एफ0आर0यू0 जिला महिला चिकित्सालय, एन0आर0सी0, एस0एन0सी0यू0, एफ0आर0यू0 सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पट्टी एवं लालगंज तथा सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अमरगढ़ का पर्यवेक्षण किया गया। जिसमें सहयोगात्मक पर्यवेक्षण में पायी गयी कमियों के सापेक्ष निम्न कार्यक्रमों/गतिविधियों में विशेष प्रयास कर सुधारात्मक कार्यवाही किया जाना है।

**जिला महिला चिकित्सालय प्रतापगढ़**

| अवलोकन बिन्दु | जनपद में भ्रमण के समय त्वरित अनुपालन/कार्यवाही | सम्बन्धित अधिकारी |
|---|---|---|
| जिला महिला चिकित्सालय का प्रसव कक्ष पुरानी विल्डिंग मे ही था। | नय बने एम0सी0एच0 विंग में शिफ्ट करने हेतु आग्रह किया गया। | सी0एम0एस0/सी0एम0ओ0 |
| लेबर रूम रजिस्टर सही रूप से नही भरा जा रहा था। | लेबर रूम रजिस्टर में दिये गये सभी कालमों को सही से भरने हेतु निर्देशित किया गया। | सम्बन्धित स्टाफ नर्स /सी0एम0एस0 |
| लेबर रूम मे एम0बी0ए0 ट्रे सही अवस्था में नही पायी गयी। | तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु आग्रह किया गया। | सी0एम0एस0/ए0सी0एम0ओ0 |
| विटामिन के0 इन्जे0 नवजात के साथ–साथ प्रसुता को भी लगाया जा रहा था। | विटामिन के0 इन्जे0 मात्र नवजात को ही लगाया जाय। | सम्बन्धित स्टाफ नर्स /सी0एम0एस0 |

**एस0एन0सी0यू0**

| अवलोकन बिन्दु | जनपद में भ्रमण के समय त्वरित अनुपालन/कार्यवाही | सम्बन्धित अधिकारी |
|---|---|---|
| 14 बेडेड एस0एन0सी0यू0 क्रियाशील थी। जिसमें 01 रेडिएण्ट वार्मर एवं 03 फोटोथैरपी क्रियाशील नही थी। | तत्काल साइरिक्स कम्पनी को फोन कर ठीक कराने हेतु आग्रह किया गया। | सम्बन्धित स्टाफ नर्स /सी0एम0एस0 |
| 03 फोटोथैरपी यूनिट बी0एच0यू0 से आने हेतु अवगत कराया गया। | तत्काल बी0एच0यू0 के हेड आफ डिपार्टमेन्ट से बात करने हेतु आग्रह किया गया। | सी0एम0एस0 |
| वशिंग मशीन खराब अवस्था में पाया गयी। | तत्काल वशिंग मशीन को ठीक कराने हेतु आग्रह किया गया। | सी0एम0एस0 |
| 04 के0एम0सी0 स्टाफ नर्स उपलब्ध नही हो पाने के कारण क्रियाशील नही थी। | तत्काल के0एम0सी0 स्टाफ नर्स उपलब्ध कराने हेतु राज्य स्तर को पत्र प्रेषित करने हेतु आग्रह किया गया। | सी0एम0एस0/डी0पी0एम0 |
| एस0एन0सी0यू0 के मात्र 06 सपोर्ट स्टाफ ही उपलब्ध थे। | 03 रिक्त पडे सपोर्ट स्टाफ के पद को आउटसोर्स के माध्यम से भरने हेतु आग्रह किया गया। | सी0एम0एस0/सी0एस0ओ0 |

**एन0आर0सी0**

| अवलोकन बिन्दु | जनपद में भ्रमण के समय त्वरित अनुपालन/कार्यवाही | सम्बन्धित अधिकारी |
|---|---|---|
| 10 बेडेड एन0आर0सी0 क्रियाशील थी। जिसमे 01 मेडिकल आफिसर पोस्टेड थे। परन्तु मेडिकल आफीसर द्वारा प्रतिदिन एन0आर0सी0 में भर्ती बच्चों कों नही देखा जा रहा था। | तत्काल मेडिकल आफिसर को एन0आर0सी0 में बैठने हेतु सी0एस0ओ0 सर से आग्रह किया गया। | सी0एम0एस0/सी0एस0ओ0 |
| 01 स्टाफ नर्स का पद रिक्त है | तत्काल रिक्त पद की सूचना मानव संसाधन अनुभाग को सूचित करना सुनिश्चित करें। | सी0एम0एस0/डी0पी0एम0 |

| अवलोकन बिन्दु | जनपद में भ्रमण के समय त्वरित अनुपालन/कार्यवाही | सम्बन्धित अधिकारी |
|---|---|---|
| भ्रमण के दौरान मात्र 04 बच्चे ही भर्ती थे। | मेडिकल आफिसर एवं न्यूट्रीशिनस्ट को निर्देशित किया गया कि ओ0पी0डी0 में काउन्सिलिंग के माध्यम से सैम बच्चों को इकाई में भर्ती कराना सुनिश्चित करें। | मेडिकल आफिसर/ सी0एम0एस0 |
| एन0आर0सी0 में लगे प्रिन्टर खराब था। | एन0आर0सी0 में लगे प्रिन्टर तत्काल ठीक कराने हेतु आग्रह किया गया। | सी0एम0एस0/ डी0पी0एम0 |
| एन0आर0सी0 में टी0वी0 उपलब्ध नही था। | एन0आर0सी0 में टी0वी0 उपलब्ध कराने हेतु सी0एम0एस0 से आग्रह किया गया। | सी0एम0एस0 |
| मल्टीविटामिन एवं ओ0 आर0 एस0 उपलब्ध नही था। | तत्काल मल्टीविटामिन एवं ओ0 आर0 एस0 उपलब्ध कराने हेतु आग्रह किया गया। | सी0एम0एस0 |
| इकाई में लगा आर0ओ0 एवं वजन मशीन खराब पडा हुआ था। | तत्काल ठीक कराने हेतु आग्रह किया गया। | सी0एम0एस0 |
| वर्ष 2018–19 में भर्ती बच्चों के अभिभावकों का एवं आशा एवं आगंनबाडी का भुगतान अभी तक नही किया गया था। | तत्काल लम्बित भुगतान को कराने हेतु सम्बन्धित लिपिक को निर्देशित किया गया। | सम्बन्धित लिपिक/ सी0एम0एस0 |
| एस0एन0सी0यू0 डाटा इन्ट्री आपरेटर द्वारा एन0आर0सी0 की आनलाइन रिर्पोटिगं का कार्य प्रत्येक शनिवार को नही किया जा रहा है। | तत्काल एस0एन0सी0यू0 डाटा इन्ट्री आपरेटर को निर्देशित किया गया कि एस0एन0सी0यू0 के साथ–साथ एन0आर0सी0 की भी आनलाइन रिर्पोटिगं का कार्य करना प्रारम्भ करे। | एस0एन0सी0यू0 डाटा इन्ट्री आपरेटर/ सी0एम0एस0/ सी0एम0ओ0 |

**एफ0आर0यू0 सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पट्टी**

| अवलोकन बिन्दु | जनपद में भ्रमण के समय त्वरित अनुपालन/कार्यवाही | सम्बन्धित अधिकारी |
|---|---|---|
| माह अप्रैल से मई 2019 तक कुल 281 प्रसव के सापेक्ष मात्र 167 लाभार्थियों का ही भुगतान किया गया है। | शेष 114 जेवएस0वाई लाभार्थियों के भुगतान शीध्र कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। | ब्लाक एकाउन्ट मैनेजर/ एम0ओ0आई0सी0 |
| विटामिन के0 इन्जे0 नवजात के साथ–साथ प्रसुता को भी लगाया जा रहा था। | विटामिन के0 इन्जे0 मात्र नवताज को ही लगाया जाय। | सम्बन्धित स्टाफ नर्स /एम0ओ0आई0सी0 |
| लेबर रूम में वजन मशीन क्रियाशील नही थी। | लेबर रूम में नवीन वजन मशीन उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। | सम्बन्धित स्टाफ नर्स /एम0ओ0आई0सी0 |
| लेबर रूम रजिस्टर सही ढंग से नही भरा जा रहा था। | लेबर रूम में रजिस्टर सही ढंग से भरने हेतु सम्बन्धित स्टाफनर्स को निर्देशित किया गया। | सम्बन्धित स्टाफ नर्स /एम0ओ0आई0सी0 |
| एन0बी0एस0यू0 कक्ष में ताला लगा हुआ पाया गया। तथा कोई भी स्टाफ नर्स इकाई पर कार्यरत नही थी। | एन0बी0एस0यू0 को तुरन्त क्रियाशील किया जाय साथ ही इकाई पर स्टाफ नर्स को तैनात किया जाय। | एम0 ओ0आई0सी0/ सी0एम0ओ0 |
| एन0बी0एस0यू0 की स्टाफ नर्स से लेबर रूम में कार्य लिया जा रहा था। | तत्काल एन0बी0एस0यू0 की स्टाफ नर्स से एन0बी0एस0यू0 का ही कार्य कराना सुनिश्चित किया जाय। | एम0ओ0आई0सी0/ सी0एम0ओ0 |
| वैक्सीन कक्ष में 01 स्टेबलाइजर एवं 01 लॉगर खराब था। | तत्काल वैक्सीन कक्ष में खराब पडे लॉगर एवं स्टेपलाइजर को ठीक कराने हेतु निर्देशित किया गया। | एम0ओ0आई0सी0/ सी0एम0ओ0 |

## सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अमरगढ़

| अवलोकन बिन्दु | जनपद में भ्रमण के समय त्वरित अनुपालन/कार्यवाही | सम्बन्धित अधिकारी |
|---|---|---|
| वर्ष 2018–19 के 169 जे0 एस0 वाई0 के लाभार्थियों का भुगतान लम्बित है। | तत्काल लम्बित 169 जे0 एस0 वाई0 के लाभार्थियों का भुगतान कराना सुनिश्चित करें। | ब्लाक एकाउन्ट मैनेजर /एम0ओ0आई0सी0/ सी0एम0ओ0 |
| आई0डी0सी0एफ0 कार्यक्रम हेतु ओ0आर0एस0 उपलब्ध नही था। | कार्यक्रम के संचालन हेतु ओ0आर0एस0 उपलब्ध कराने हेतु जनपद स्तर पर मॉग प्रस्तुत करें। | बी0पी0एम0/ एम0ओ0आई0सी0 |
| आर0बी0एस0के0 टीम के पास कोई भी उपकरण उपलब्ध नही थे। | तत्काल आर0बी0एस0के0 टीम को उपकरण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। | बी0पी0एम0/ एम0ओ0आई0सी0 |
| आर0बी0एस0के0 टीम के पास मेडिसिन उपलब्ध नही थी। | तत्काल आर0बी0एस0के0 टीम को मेडिसिन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। | बी0पी0एम0/ एम0ओ0आई0सी0 |
| पी0एन0सी0 वार्ड के बेड टुटे तथा उस पर पडे गद्दे फटे हुए थे। | एम0ओ0आई0सी0 से आग्रह किया गया कि पी0एन0सी0 वार्ड में बेड को ठीक कराना एवं नये गद्दे डलवाना तत्काल सुनिश्चित करे। | फार्मासिस्ट/ एम0ओ0आई0सी0 |
| प्रसव कक्ष के बाहर शू रैक नही रखा हुआ था | एम0ओ0आई0सी0 से आग्रह किया गया कि प्रसव कक्ष के बाहर शू रैक रखवा दिया जाय। | बी0पी0एम0/ एम0ओ0आई0सी0 |
| प्रसव कक्ष में कार्यरत कोई भी स्टाफ नर्स एस0बी0ए0 प्रशिक्षित नही थी। | एम0ओ0आई0सी0 से आग्रह किया गया कि जनपद स्तर पर होन वाली प्रशिक्षण में नामांकन कराना सुनिश्चित करें। | बी0पी0 एम0/ डी0पी0एम0/ एम0ओ0आई0सी0 |

## एफ0आर0यू0 सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लालगंज

| अवलोकन बिन्दु | जनपद में भ्रमण के समय त्वरित अनुपालन/कार्यवाही | सम्बन्धित अधिकारी |
|---|---|---|
| लेबर रूम पी0एन0सी0,जेएस0वाई0 रजिस्टर सही ढंग से नही भरा जा रहा था। | सम्बन्धित स्टाफ नर्स को निर्देशित किया गया कि उक्त रजिस्टर पूर्ण रूप से भरना सुनिश्चित करे। | सम्बन्धित स्टाफ नर्स/ एम0ओ0आई0सी0 |
| अप्रैल से मई 2019 तक कुल 251 के सापेक्ष मात्र 162 लाभार्थियों का ही भुगतान किया गया है। | तत्काल लम्बित भुगतान कराना सुनिश्चित करे। | ब्लाक एकाउन्ट मैनेजर/ एम0ओ0आई0सी0 |
| इकाई में एन0बी0एस0यू0 हेतु उपकरण तथा स्टाफ नर्स न होने के कारण क्रियाशील नही था। | एन0बी0एस0यू0 स्थापित करने हेतु राज्य स्तर पर पत्र प्रेषित करने हेतु आग्रह किया गया | एम0ओ0आई0सी0/ सी0एम0ओ0 |
| नवीन एमसीएच विंग का कार्य प्रगति पर है। | लगभग 01 वर्ष पश्चात कार्य पूर्ण होने की उम्मीद है। | बी0पी0एम0/ एम0ओ0आई0सी0 |

Pramod

**प्रमोद चन्द्र अरविन्द**
कार्यक्रम सहायक

**राजीव कुमार दूबे**
कार्यक्रम समन्वयक

प्रेषक,

**मिशन निदेशक,**
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0,
विशाल काम्प्लैक्स,
19–ए, विधान सभा मार्ग, लखनऊ।

सेवा में,

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी,**
जनपद– प्रतापगढ़।

**पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0 / सी0एच0 / सपोर्टिव सुपरविजन / 2019–20 / 60 /** **दिनांक** 09 **/ 09 / 2019**

**विषय–राज्य स्तरीय टीम द्वारा दिनांक 27–29 मई 2019 के मध्य सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के दौरान चिन्हित गैप्स / समस्याओं / के निराकरण एवं सुधारात्मक कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

आप अवगत है कि राज्य स्तरीय टीम द्वारा दिनांक 27–29 मई 2019 के मध्य आपके जनपद में चिकित्सा इकाईयों का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया। उक्त टीम द्वारा आपसे फीडबैक साझा की जा चुकी है तथा सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों / गतिविधियों के अन्तर्गत चिकित्सा इकाईयों पर प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं से सम्बन्धित समस्याओं से सक्षम अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

उक्त के सम्बन्ध में मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0, के निर्देशानुसार जनपद में पायी गयी कमियों में सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुये एक सप्ताह के अन्दर अनुपालन आख्या अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करना सुनिश्चित करें। सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की अनुमोदित भ्रमण आख्या आवश्यक कार्यवाही हेतु पत्र के साथ संलग्न है।

**संलग्नक–उपरोक्तानुसार।**

**भवदीया,**

**(थमीम अंसरिया ए)**
अपर मिशन निदेशक

**पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0 / सी0एच0 / सपोर्टिव सुपरविजन / 2019–20 / 60 /** 5064-6 **तद्दिनांक**

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवही हेतु प्रेषित –**

1. महानिदेशक, परिवार कल्याण उत्तर प्रदेश लखनऊ।
2. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, प्रयागराज।
3. जिलाधिकारी / अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति जनपद– प्रतापगढ।
4. समस्त उपमहाप्रबन्धक / महाप्रबन्धक, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0 उ0प्र0, लखनऊ।
5. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0, प्रयागराज।
6. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0, प्रतापगढ।

**(डा0 वेद प्रकाश)**
महाप्रबन्धक, बाल स्वास्थ्य